म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,किसान भवन,जेल रोड, भोपाल

क/मंडी/प्रांगण/समर्थन मूल्य/कपास /1031 भोपाल,दिनांक 8 /12/14

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय ....(समस्त)

विषय :– प्रदेश में उत्पादित कपास की समर्थन मूल्य पर ख़रीदी के संबंध में निर्देश।

कपास की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा केन्द्र शासन की संस्था काटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (सी.सी.आई) के द्वारा राज्य शासन के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 21/11/14 को आयोजित बैठक में समर्थन मूल्य पर कपास की खरीदी के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

(अ) मंडियों के कपास प्रांगणों/सीसीआई के कपास क्रय केन्द्रों/कपास भण्डार गृहों का निरीक्षण कर मंडी प्रांगण में लगाये गये फायर हाईडेन्स एवं अग्नि शामक यंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाय तथा नगर पालिका, नगर निगम आदि के पास उपलब्ध अग्निशामक वाहनों को इन स्थानों के आस–पास तैनाती की जाय।

(ब) प्रदेश के छिन्दवाडा जिले की सौंसर एवं पांढुरना, बडवानी जिले की सेंधवा एवं कसरावद तथा देवास जिले के खातेगांव एवं कन्नोद में समर्थन मूल्य पर कपास खरीदी का कार्य शीघ्र अतिशीघ्र आरंभ कराया जाय।

(स) प्रदेश की सभी कपास की मंडियों के सचिवों को निर्देशित किया करें कि वे सी.सी.आई. के प्रतिनिधि को मंडी प्रांगण में कपास की समर्थन मूल्य पर खरीदी के कार्य के लिये पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं कपास के इलेक्ट्रानिक तौल, अग्नि शामक आदि व्यवस्थाओं को चाकचौबंद रखे।

अतः आप उक्त बिंदुओं के संबंध में कार्यवाही किये जाने हेतु कृषि उपज मंडी समितियों को निर्देश जारी किये जाना सुनिश्चित करें।

<u>अपर संचालक द्वारा अनुमोद्रित</u>।

उप संचालक(प्रांगण)
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क/मंडी/प्रांगण/समर्थन मूल्य/कपास/1032 भोपाल,दिनांक 8 /12/14

प्रतिलिपि :–

कृषि उत्पादन आयुक्त, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उप संचालक(प्रांगण)
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल